

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक103 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 27 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

कांग्रेस ने जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 01 से नितिन डहेरिया को बनाया प्रत्याशी

सिवनी यशो:- जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला पंचायत के वार्ड क्रं 01 में हो रहें उपचुनाव के लिये गठित ''कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी चयन'' समिति के संयोजक शिवराम सनोडिया, सह सयोजक सूर्यनारायण सिंह बघेल एवं समिति के सदस्यों द्वारा चुनाव में भाग ले रहें कांग्रेस समर्थिक दावेदारो के मध्य आपसी सामंजस्य स्थापित कर लिये गये निर्णय अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रं.01 (बखारी) में हो रहें उपचुनाव में श्री नितिन डेहरिया ग्राम दिशौरी को कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी घोषित किया जाता है।

जिला कांग्रेस कमेटी एवं शिवराम सनोडिया, सूर्यनारायण सिंह बघेल के संयोजन में गठित प्रत्याशी चयन समिति के सभी सदस्य गणो ने क्षेत्र के समस्त जिला, ब्लाक, मंडलम, से टर, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों से कांग्रेस समर्थित अधिकृत प्रत्याशी नितिन डेहरिया ग्राम दिशौरी को अधिक से अधिक मतो से विजयी बनाने हेतु अपील की है।

तीर्थ यात्रा पर वृंदावन पहुँची डॉ. अनामिका बाथरूम में मृत मिली

सिवनी यशो:- विकासखंड केवलारी अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्र पांजरा में पदस्थ 28 वर्षीय ष्टाह्र डॉ. अनामिका राय पिता राजेन्द्र राय की बाथरूम में मौत हो गई है। वे वृंदावन में संत प्रेमानंद के दर्शन कर लौटी थीं।

सिवनी से अपने साथियों के साथ चिकित्सक डॉ. अनामिका राय की मथुरा वृंदावन धार्मिक यात्रा पर गई थी जहां उनकी मृत्यु हो गई। डॉ टर अनामिका गेस्ट हाउस में स्नान के दौरान बेहोश हुई थीं। साथी उन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल लेकर गए थे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मथुरा वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के परिक्रमा मार्ग स्थित ललिता आश्रम के सामने गेस्ट हाउस में 26 दिसंबर

को सिवनी जिले से आधा दर्जन युवक और युवतियां आकर ठहरे थे। पुलिस को मृतक युवती के साथियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सभी लोग मंगलवार की सुबह संत प्रेमानंद के दर्शन कर गेस्टहाउस पहुंचे थे। श्रद्धालुओं में शामिल पलारी निवासी राजेन्द्र राय की 28 वर्षीय बेटी डॉ. अनामिका राय स्नान के लिए बाथरूम में गई थीं।

काफी देर तक बाहर न निकलने पर साथियों ने आवाज लगाई तो कोई जवाब न मिला। जब दरवाजा खोला तो अनामिका बेहोश मिलीं। जिसे लेकर सभी साथी ब्रज हेल्थकेयर हास्पिटल उपचार के लिए लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक के शव परीक्षण के पश्चात शव को पलारी लाया जा रहा है जहाँ उसका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

SPL लीग मैचों में GSC,नाइट राइडर्स ,JRB पटेल 11,ग्रीन सिटी ने जीते मैच...

28 दिसंबर से ओपन वर्ग के लीग मैच होंगे प्रारंभ ...

सिवनी यशो:- सिवनी प्रीमियर लीग के चौथे दिन संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले गए स्स्क टूर्नामेंट में आज के मु य अतिथि के तौर पर इनकम टै स वकील अमित महाजन विद्युत ठेकेदार रानू ठाकुर प्रेसे लब की क्रिकेट टीम के सभी सदस्य, मुस्तफ भाई फ्रूटी डीलर नैनपुर रहे रहे आप सभी ने अलग-अलग मैचों में आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर योगेश राजपूत आसिफ पटेल जोएब खान आरिफ खान जीशान खान के साथ टॉस की प्रक्रिया में भाग लिया..

SPL टूर्नामेंट अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने आज के मैचों के विवरण की जानकारी देते हुए बताया कि सिवनी प्रीमियर लीग के लीग मैचों में आज 6 मैच खेले गए आज का पहला मुकाबला गजानंद स्पोर्ट्स लब और हेल्थ लब के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर हेल्थ लब में पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 10 ओवरों में 79/9 रन स्स बनाए गजानन की ओर से गिल ने तीन विकेट प्राप्त की है लक्ष्य का पीछा करने उतरी गजानन यह मुकाबला चार विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच गिल्ला रहे

आज का दूसरा मुकाबला राजपुताना बी और एस के आर बी कीमत खेला गया जिसमें टॉर्च जीत कर राजपूताना बी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ओर 10 ओवरों में मात्र 85/3 रन बनाए हेल्थ की ओर से मिथिलेश ने 52 रनों की पारी खेली लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट राइडर मुकाबला

पीछा करने उतरी नाइट राइडर टीम ने पांच विकेट चाहिए मुकाबला जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच रज्जू रहे ।

आज का तीसरा मुकाबला न्यू ग्रीन सिटी और प्रेसे लब के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर प्रेसे लब ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 10 ओवरों में प्रेस लब की टीम ने मात्र 78 रन बना सके प्रेसे लब की ओर से अंकित ने 27 रनों की पारी खेली लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू ग्रीन सिटी ने यह मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच यजू रहे जिन्होंने 58 रनों की पारी खेली

आज का चौथा मुकाबला शिवानी नाइट राइडर और हेल्थ लब के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर हेल्थ लब ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 10 ओवरों में मात्र 85/3 रन बनाए हेल्थ की ओर से मिथिलेश ने 52 रनों की पारी खेली लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट राइडर मुकाबला

4 विकेट से जीत गई नाइट राइडर की ओर से जीत सिंह ने और दो विकेट प्राप्त किया और इस मैच के मैन ऑफ द मैच बने ।

आज का पांचवा मुकाबला जेआरबी पटेल और यलगार के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर जेआरबी पटेल ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ओर 134/7 रन बनाए पटेल 11 की ओर से आरिफ ने 70 रनों की बड़ी खेली में उनके साथ देते हुए वाहिद ने 34 रनों की पारी खेली लक्ष्य का पीछा करने उतरी यलगार ` लब 10 ओवर में 95/5 रन बना सकी इस तरीके से पटेल 11 ने यह मुकाबला 39 रन से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच आरिफ रहे।

सिवनी प्रीमियर लीग के संयोजक अब्दुल काबिज खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कल भी 27 दिसंबर को वेटरन वर्ग के लीग के छह मैच खेले जाएंगे 28 दिसंबर से ओपन टूर्नामेंट के लीग में शुरू होंगे।

कालाचीता पहलवान ने जीता बलारपुर दंगल का प्रथम पुरूस्कार

सिवनी यशो:- विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बलारपुर में हर वर्ष दंगल का आयोजन पूर्व सरपंच प्रवेश राय हर्ष के मार्गदर्शन में किया जाता है। बीते 25 दिस बर ग्राम बलारपुर में विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया, जिसमे कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल राय बलारपुर द्वारा दंगल का शुभारंभ किया गया। देश के विभिन्न प्रदेशों से आए पहलवानो ने दंगल में अपने दंवपेंच दिखाये। दोपहर आरंभ हुए इस दंगल में आसपास के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों नागरिकों ने पहुंचकर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा व अन्य प्रदेशों से आये पहलवानों के मध्य हुई कुस्ती का भरपूर आनंद लिया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कोल्हापुर के चीता पहलवान ने जीता, जहां उन्होने हरियाणा से आये रंजीत को रोमांचक

मुकाबले में परास्त कर 26 हजार रूपये की नगद राशि व शील्ड जीत ली। ज्ञात रहे कि हर वर्ष होने वाले इस दंगल में पूरे जिले से इस पुरानी भारतीय खेल विधा का आनंद लेने के लिए ग्रामीण आते है।

गरीब कल्याण हमारा प्रथम लक्ष्य,योजना का लाभ लेकर भारत को सशक्त बनाये - संतोष अग्रवाल

पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का मूल उद्देश्य

सिवनी यशो:- भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने 26 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम पंचायत लखनवाड़ा में मु य अतिथि के रूप में शामिल होकर ग्रामीणों से भारत सरकार एवं प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर भारत को विकसित देश की श्रेणी लाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया । ग्राम पंचायत लखनवाड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में मु यतिथि संतोष अग्रवाल के साथ ग्राम पंचायत लखनवाड़ा की सरपंच श्रीमती राधा बघेल, ग्रामवासी अटल बघेल रघुनाथ सिंह बघेल अमोल सिंह बघेल ताम सिंह बघेल सुनील सिंह ठाकुर रामेश्वर सनोडिया हरि सिंह बघेल भुज्जबल सिंह गहलोत बलवंत सिंह बघेल एवं समस्त ग्रामवासी लखनवाड़ा एवं ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती मीनाक्षी मैडम जीएवं ग्राम रोजगार सहायक महेंद्र सिंह बघेल उपस्थित रहे !

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लखनवाड़ा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनकल्याण के जो वायदे किये है वह आम जनता तक पहुँचें यह प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी है और इस गारंटी को के बावजूद भी यदि कोई वंचित रह

गया है तो उसे लाभ प्रदान करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश के साथ ही हमारे क्षेत्र के हर ग्राम ग्राम तक जाकर लाभ देने का काम कर रही है । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर व्यक्ति को विकास को की मु यधारा में जोड़कर कर देश को सशक्त बनाने के लिये संकल्पित है और इस पवित्र संकल्प की पूर्ति में हम सब भाजपा के कार्यकर्त्ता बढ़चढ़कर भागीदारी करें के लिये प्रधानमंत्री देश पूरी ताकत झोंक रहे है और एक एक व्यक्ति को विकास की मु यधारा से जोड़कर

। श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिये की दिशा में अग्रसर है इसमें हर व्यक्ति को पूरी मजबूती के साथ योगदान करना है । कोई भी व्यक्ति आर्थिं कमजोरी के कारण विकास की गति में पिछड़ा तो देश पिछड़ जायेगा इस आभाव भरी जिंदगी को समाप्त करने जि मेदारी है ।

श्री अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनकल्याण की योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को तत्काल लाभ दिलाये जाने के साथ इस यात्रा के दौरान ऐसी उपयोगी जानकारियाँ भी दी जा रही है जिससे कृषको को अपने उत्पादन को बढाने और गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिये मदद प्राप्त होगी और कृषि आय में बढोत्री हो, स्वास्थ्य शिक्षा और स्वच्छता संबंधी अनेक उपयोगी जानकारियां विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रदान की जा रही है ।

श्री अग्रवाल ने कहा कि अमृतकाल में प्रवेश करते हुये विकसित भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को साकार करने के लिए हमें कृत संकल्पित होना होगा। यात्रा का उद्देश्य है की जो पत्र हितग्राही योजना से लाभान्वित नहीं हुए हैं ऐसे व्यक्ति अपना आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि आपकी सरकार आपकी योजना हर गांव गांव लेकर आ रही है।प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी गांव गांव शिविर लगाकर लोगों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन ले रहे हैं आप सभी लोग आवेदन करें और योजना को लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने हमारी केंद्र और राज्य सरकार जनहितैषी है।

श्री अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने में मोदी सरकार का पूरा सहयोग करने का संकल्प दिलाया और सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये पूरी मदद करने की बात कहीं ।

काजोल को मिली पीएचडी की उपाधि

सिवनी यशो:- कृषि प्रधान सिवनी और बालाघाट जिले में नकद फसलों का उत्पादन और विपणन व्यवस्थाओं पर विस्तृत शोध करने के बाद काजोल दत्ता ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। जबलपुर रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय से पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वाली काजोल दत्ता बारापत्थर बाहुबली क्षेत्र निवासी मृणाल दत्ता व रेखा दत्ता की सुपुत्री हैं, जिन्होंने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सीमा पटारिया के मार्गदर्शन में तैयार शोध प्रबंध में काजोल ने सिवनी व बालाघाट में नकद फसलों के उत्पादन व विपणन में किसानों की भागीदारी, बाजार की स्थिति, किसानों की आय बढ़ाने में नकद फसलों की उपयोगिता सहित तमाम बिन्दुओं को शामिल किया है। छात्रा द्वारा तैयार शोध प्रबंध को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों ने बहुत उपयोगी बताया है। काजोल दत्ता की इस उपलब्धि पर स्वजनों व इष्टमित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

भगवान श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या में होगा 10 दनों तक सात्विक वात्सल्य भोज

सर्वोच्च जैन साध्वी गणिनी आर्यिका ज्ञानमति माताजी के आशीर्वाद से पांच तीर्थंकर भगवंतो एवं भगवान श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या में होगा 10 दिनों तक सात्विक वात्सल्य भोज

सिवनी यशो:- पांच जैन तीर्थंकर भगवंतो एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की यशस्वी जन्म भूमि अयोध्या भारत राष्ट्र की शाश्वत पवित्र धरा है। प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत प्रसन्नता एवं गौरव का प्रसंग है जब राम लला अपने मूल जन्मस्थान की भूमि पर नव निर्मित भव्य श्री मंदिर जी में पूर्ण वैभव के साथ विराजकर समग्र भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित करेंगे।

भारत वर्षीय समग्र जैन समाज की ओर से जन्म भूमि के इस अति विशिष्ट आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव स्वामी एवं अन्य तीर्थंकर भगवान की तीर्थ भूमि अयोध्या श्री क्षेत्र के अधिष्ठाता स्वस्ति श्री भट्टारक रत्न ऋषभचरी श्री रविन्द्र जी कीर्ति जी स्वामी ने बताया

कि प्रभु श्री राम जन्म भूमि के आयोजन एवं आमंत्रण से अभिभूत हूं।

पूर्व मे भी दिनांक 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में जब अयोध्या जी में शिलान्यास का मांगलिक आयोजन संपन्न हुआ था उस समय भी पूरे भारत वर्ष की जैन समाज की ओर से शिलान्यास समारोह में मुझे प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

अभी कुछ दिन पूर्व प्रदेश के यशस्वी धर्मनिष्ठ मु यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी जैन धर्म की सर्वोच्च आर्यिका गणिनी श्री ज्ञानमति माताजी के दर्शनार्थ पधारे थे उस समय भगवान राम एवं जैन तीर्थंकर भगवंतो की शाश्वत जन्म धरा अयोध्या के विकास के लिए मु यमंत्री जी ने माताजी से गहन चर्चा कर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया था। समग्र उत्तरप्रदेश के सुशासन की प्रगति के लिए माताजी ने योगी जी के शीश पर अपनी मयूर पिच्छिका से वात्सल्य पूर्वक आशीष प्रदान किया था।

दिनांक 15 जनवरी से 24 जनवरी 2024 में जन्मभूमि के इस विशिष्ट आयोजन में समग्र भारत वर्षीय जैन समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए भट्टारक स्वामी रविंद्र कीर्ति जी आयोजन में आगंतुक श्रद्धालुओ के लिए शुद्ध सात्विक वात्सल्य भोज का आयोजन करेंगे। इस अवसर पर स्वामी जी ने बताया कि देश विदेश से पधारे लगभग 5 से 7 हजार श्रद्धालु राम भक्तो को प्रतिदिन यहां शुद्ध सात्विक परंपरागत जेवण कराया जावेगा। जैन समिति ने श्रद्धालुओ को वात्सल्य आमंत्रण दे समारोह में पधारने की अपील की है।

सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया वीर बाल दिवस

सिवनी यशो:- सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में वीर बाल दिवस का आयोजन श्री चुन्नीलाल जी बोपचे के मु य आतिथ्य एवं प्राचार्य ओम प्रकाश यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर धर्म के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात अपने उद्बोधन में विभाग समन्वयक चुन्नी लाल जी ने शहीद जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के बलिदानी प्रेरणादायक प्रसंग का विस्तृत विवेचन किया। इसके उपरांत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य ओम प्रकाश यादव ने राष्ट्र और धर्म के लिए अपना बलिदान देने वाले गुरु गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों को विद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की । अतिथि स्वागत वरिष्ठ व्या याता प्रकाश गुप्ता ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कीर्ति ठाकुर दीदी ने किया। इस अवसर पर बहन स्वर्णिमा सोनी एवं श्रीमती नीति पांडे दीदी ने भी प्रेरक उद्बोधन दिया।

जबरन नॉलेज

लक्ष्य तो और भी थे काका हा हा हा ....

वीर बाल दिवस.

'इन पूतन के सीस पर,वार दिए सुत चार। चार मुए तो या हुआ जीवित कई हजार।।'

- हितानंद शर्मा

विश्व इतिहास में बाल्यावस्था में शौर्य, साहस और दृढ़ता की ऐसी अद्वितीय अमर वीरगाथा कहीं और नहीं मिलती जिसमें, 6 और 8 वर्ष की आयु के छोटे साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए स?वयं को शहीद कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों की यह शहादत धर्म रक्षा के लिए दी गई शहादत का अभूतपूर्व उदाहरण है। धर्म र?याग करने पर सब कुछ दिए जाने का प्रलोभन या इसे नहीं मानने पर अमानवीय यातनाएं झेलते हुए मृ?यु के विकल?प में से छोटे साहिबजादों ने शहीद हो जाने का ही संकल्प लिया। उन्हें चुनवा देने के लिए उठाई जा रही 'खूनी दीवार' के सामने निडर खड़े दोनो छोटे साहिबजादों ने जपुजी का पाठ करते हुए अपना सर्वस्व राष्ट्र, संस्कृति और धर्म हित समर्पित कर दिया। इस महान शहादत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एवं उनकी वीरता को स्मरण करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' घोषित किया है।

दिसंबर के अंतिम सप्ताह का भारतीय इतिहास में विशेष महत्व है। इसे %शोक% और %शौर्य का समाह%कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह सिखों की गुरु परंपरा में दसवें गुरु हैं। उन्हें 'सरबंस दानी' की भी उपाधि दी गई हैं योंकि 21 दिस बर से 27 दिस बर के सात दिनों में गुरु गोविंद सिंह ने अपने चार पुत्रों और माता को देश और धर्म के लिए समर्पित कर दिया था और इसके बाद भी उन्होंने दृढ़ता से कहा-

'इन पूतन के सीस पर,वार दिए सुत चार।
चार मुए तो या हुआ जीवित कई हजार।।'

यह मध्यकालीन भारत की बड़ी मार्मिक किन्तु गौरवशाली कथा है, जब बर्बर विदेशी लुटेरे भारत की सर?ता पर कब?जा करके बैठे हुए थे। इनसे धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को बचाने के लिए समाज में विद्रोह और संघर्ष भी चल रहे थे। गुरु गोबिंद सिंह ने भी मुगलों से युद्ध छेड़ रखा था।

गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादे थे। इनमें से तीसरे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह को 17 नवंबर 1696 को माता जीतो जी ने आनंदपुर साहिब में जन्म दिया। 25 फरवरी 1699 को छोटे साहिबजादे बाबा फतेह सिंह का जन्म हुआ। इसके लगभग 10 माह बाद 5 दिसंबर 1700 के दिन माता जीतो जी के परलोक गमन कर जाने पर गुरु गोबिंद सिंह जी की माता गुजरी जी ने अपने पौत्रों बाबा जोरावर सिंह और उनके छोटे भाई बाबा फतेह सिंह की उच्चतम आदर्श देते हुए परवरिश की। एक बार सभी सिरसा नदी पार करते समय बाढ़ के पानी में दोनों साहिबजादे और दादी माता गुजरी जी का गुरु गोबिंद सिंह जी से साथ छूट गया। माता गुजरी जी उन्हें घने जंगल से निकाल ले गई। उनका रसोइया भी गंगू भी नदी पार करने में सफल हो गया था। वह दादी और दोनों साहिबजादों को अपने गांव खेड़ी ले गया।

घर पहुंचने पर रसोइया गंगू ने माता गुजरी जी की गठड़ी से आभूषण चुरा लिए और इनाम के लालच में मुगलों को सूचना दे दी। मुगल अधिकारी तीनों को हिरासत में लेकर सरहिंद ले गए जहां उन्हें सिंवर की कड़ाके की ठंड और बर्फीली हवाओं के बीच सबसे ठंडे बुर्ज में भूखे रखा गया। जब इसकी जानकारी गुरु गोबिंद सिंह के श्रद्धालु भाई मोती मेहरा को लगी तो वे खतरा उठाकर सीढ़ी लगाकर उस ठंडे बुर्ज तक पहुंचे और छोटे साहिबजादों को दूध पिलाकर लौटे। उधर, चमकौर के युद्ध में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के दे बड़े साहिबजादे शहीद हो चुके थे। 9 दिसंबर 1705 को दोनों छोटे साहिबजादों को चमकौर से लौटे सरहिंद के फौजदार नवाब वजीर खान के समक्ष पेश कर दिया गया। वजीर खान ने दोनों

साहिबजादों को इस?लाम कबूल करने के लिए कई प्रलोभन दिए लेकिन साहिबजादों ने सब प्रलोभनों को ठोकर मार कर धर्म की रक्षा पर अडिग रहने की गर्जना कर दी थी। वजीर ने उन?हें मौत की धमकी दी पर दोनों साहिबजादे अपने निर्णय से बिल?कुल भी नहीं डिगे। अंततः बर्बर आततायी वजीर खान ने दोनों छोटे साहिबजादों को मृ?युदंड की सजा सुना दी।

साहिबजादा जोरावर सिंह और उनके छोटे भाई फतेह सिंह ने कड़ाके की ठंड में दो और रातें उसी ठंडे और हौसला तोड़ देने वाली बर्फीली हवा वाले बुर्ज में दादी की गोद में बिताई। जब साहिबजादों को वजीर खान के दरबार में जाया गया तो दोनों ने जोर से गर्जना करते हुए कहा ङ्कवाहिगुरु जी का खालसा। वाहिगुरु जी की फतेह।।

दरबार में वजीर खान ने एक बार फि?र दोनों को लालच दिया कि वे इस्लाम स्वीकार करके मुसलमान बन जाएं इसके लिए वे जो कहेंगे दिया जाएगा। साहिबजादों पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ता से कहा- हम किसी भी कीमत पर अपना धर्म नहीं छोड़ेंगे। हम अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध लड़ रहे हैं।हम गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्र, गुरु तेग बहादुर जी के पौत्र और गुरु अर्जनदेव जी के वंशज हैं। हम उनके दिखाए मार्ग पर ही चलेंगे। अपने धर्म की रक्षा के लिए हम हर एक कुर्बानी देने को तैयार हैं। वजीरखान ने अपनी सभी चालें बेकार जाते देख दोनों को जीवित ही दीवार में चुनवाने का हु म दे दिया।

दरबार से वापस बुर्ज में भेजे साहिबजादों ने माता गुजरी जी को जब पूरी बात बताई तो उन्होंने दोनों को गले से लगा लिया और उनकी बहादुरी के लिए शाबाशी दी। अगले दिन दरबार में फिर उन्हें इस्लाम कबूल करने के लिए लालच दिए गए, मौत का डर दिखाया गया पर वे धर्म रक्षा के अपने निर्णय पर अडिग रहे। अंत में दोनों को उस स्थान पर ले जाया गया जहां दीवार चुनवाई जा रही थी। दोनों साहिबजादों को साथ खड़ा करके जल?लाद दीवार उठाने लगे। दोनों साहिबजादों ने गुरुवाणी का पाठ शुरू कर दिया। जैसे ही दीवार दोनों के मुख तक पहुंची तो भरभराकर गिर गई। दोनों साहिबजादे बेहोश हो गए। होश में आने पर उन्हें फिर धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन दिए गए लेकिन वे दोनों नहीं माने। अंततः 26 दिसंबर को दुष्ट वजीर खान ने दोनों साहिबजादों को शहीद करा दिया। इसके साथ ही दोनों साहिबजादों ने अपनी महान शहादत से गुरुवाणी की इन पवित्र पंक्तियों को सच किया -

'सूरा सो पहचानिए, जो लरै दीन के हेत,
पुरजा-पुरजा कट मरै कबहू ना छाडे खेत'

इधर ठंडे बुर्ज में यातनाएं सह रहीं वृद्ध माता गुजरी जी ने भी यह सूचना मिलते ही 27 दिसंबर को प्राण त्याग दिए। इसके बाद जो हुआ वह भी विश?व इतिहास में पहली बार हुआ। दोनों साहिबजादों और माता गुजरी जी के अंतिम संस?कार के लिए जो जमीन वजीर खान ने दी वह दुनिया की सबसे कीमती जमीन रही और सरहिंद के एक धनी व्यापारी सेठ टोडरमल नेइसे लेकर तीनों का पूरे स मान के साथ अंतिम संस?कार कराया। इसके लिए वजीर खान ने शर्त रखी कि अंतिम संस?कार के लिए जितनी भूमि चाहिए उसे सोने के सिक्कों से ढंक दिया जाए। सेठ टोडरमल ने इसके लिए एक स्थान चुना और उसे सोने के सिक्के बिछाकर ढंक दिया। सोने के सिक्कों के बदले वह स्थान लेकर तीनों का अंतिम संस?कार कर दि?या गया। सरहिंद के पास फतेहगढ़साहिब में इस स्थान पर आज भी चार गुरुधाम सुशोभित हैं। उस स्थान पर प्रतिवर्ष 25 से 28 दिसंबर तक महान शहीदों का पवित्र स्मरण करते हुए दीवान सजाए जाते हैं।

साहिबजादों की कुर्बानी ने देश में एक नई क्रांति का संचार किया। पूरा समाज मुगल शासन को खत्म करने के लिए एकजुट हो गया। गुरु गोबिंद सिंह जी को जब साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत का समाचार मिला तब वे माछीवाड़े के जंगलों में थे। उन्होंने घोषणा की कि यह अब भारत से मुगल सर?ता के खत?म होने का कारण बनेगा। इसके कुछ समय बाद गुरु गोबिंद सिंह जी ने नांदेड़ पहुंचकर माधवदास बैरागी को अमृत छका कर सिख सजाया। अब वे माधवदास से बंदा सिंह बहादुर हो गए। बाबा बंदा सिंह बहादुर के नेतृ?व में सिखों ने सरहिंद पर आक्र मण कर चपड़चिड़ी के मैदान में 12 मई 1710 को हुए युद्ध में मुगल सेना को बुरी तरह से पराजित किया। वजीर खान मारा गया और 14 मई को सिखों ने सरहिंद पर क?जा कर लिया। इस प्रकार दोनों साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत आज भी सिखों द्वारा प्रतिदिन की जाने वाली अरदास में स्मरण किया जाता है।

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व 9 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 'वीर बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की थी कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद करते हुए प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप श्री गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की अद्वतीय शहादत के प्रति श्रद्धांजलि देने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने के लिए राजपत्र में अधिसूचना जारी की। इसके अनुसार ही अब प्रतिवर्ष 26 को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों पुत्रों की शहादत ने भारत की तरुणायी में यह चेतना जगाने का काम किया कि राष?ट्र और धर्म की रक्षा के लिए इस मातृभूमि पर हजारों पुत्र कुर्बान किए जा सकते हैं।

मध्यप्रदेश में बना तबला वादन का विश्व रिकॉर्ड, 1600 तबला वादकों ने एक साथ मिलाई ताल

भोपाल। संगीत नगरी के रूप में प्रसिद्ध ग्वालियर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी प्रतिभाओं के लिए वि ख्यात है। संगीत की इस नगरी में आज एक अनोखा विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। यह विश्व रिकॉर्ड लोगों की जुबान पर ही नहीं बल्कि गिनीज वर्ल्ड ऑफ बुक रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया।

ग्वालियर के ऐतिहासिक दुर्ग पर 1600 तबला वादकों ने एक साथ तबला वादन की प्रस्तुति देते हुए ये अनोखा रिकॉर्ड कायम किया। इस अनोखे कार्य को देखते हुए सरकार ने भी एक निर्णय लिया है, जिसमें 25 दिसंबर को मध्य प्रदेश में तबला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस बात की घोषणा मध्य प्रदेश के नवीन मु यमंत्री डॉ टर मोहन यादव ने ग्वालियर प्रवास के दौरान की।

ग्वालियर में प्रतिवर्ष होता है तानसेन समारोह

सुर सम्राट की जन्मस्थली कहे जाने वाले ग्वालियर में प्रतिवर्ष तानसेन समारोह का आयोजन किया जाता है। इस समारोह में देश ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों से संगीत प्रेमी और संगीत रसिक्क इस समारोह का रसपान करने के लिए आते हैं। इसके अलावा कई दिगज कलाकार भी इस समारोह में सुर सम्राट तानसेन को अपनी स्वरांजलि प्रस्तुति के रूप में अर्पित करने के लिए भी आते हैं। संगीत की इस पावन धरा पर 25 दिसंबर को एक बड़ा आयोजन ग्वालियर के ऐतिहासिक दुर्ग पर किया गया, जिसमें 1600 से भी अधिक तबला वादकों ने एक साथ अपनी प्रस्तुति देकर गिनीज वर्ल्ड ऑफ बुक रिकॉर्ड में ग्वालियर का नाम अंकित किया।

आज का दिन हमारे लिए एक स्वर्णिम दिन

इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे प्रदेश की नए मुखिया डॉ. मोहन यादव ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि आगामी समय में 25 दिसंबर को इस यादगार ल हे को और अधिक यादगार बनने के लिए तबला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे लिए एक स्वर्णिम दिन है। और इस स्वर्णिम दिवस के लिए मैं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के साथ सभी को बधाई देता हूं।और आज यहां सं मलित होने के लिए मैं सभी को शुभकामनाएं भी देता हूं।

कटनी की मुस्कान ने अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम में बनाई जगह, कर्नाटक के विरुद्ध खेलेगी मैच

भोपाल। कटनी जिले की बेटी मुस्कान ने एक बार फिर कटनी ही नहीं बल्कि पूरे मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। दरअसल जिले के रैपुरा ग्राम की बेटी मुस्कान का चयन क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए मध्य प्रदेश महिला अंडर-23 टीम में हो गया है। अब 27 दिसंबर को इंदौर में होने वाले मध्य प्रदेश और कर्नाटक के बीच मुकाबले में मुस्कान को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा।

कटनी जिले की पहली महिला क्रिकेटर का गौरव हासिल करने वाली मुस्कान विश्वास पिता पलाश विश्वास रैपुरा गांव में निवास करती है। मुस्कान ने अपने संघर्ष और जज्बे के साथ देश के सबसे पसंदीद खेल क्रिकेट में हाथ आजमाते हुए न सिर्फ कटनी बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का नाम कई मैच खेलकर रोशन किया है। इस बार मुस्कान मध्य प्रदेश क्रिकेट की अंडर-23 टीम में शामिल हुई है। अब 27 दिसंबर को इंदौर में होने वाले मैच में मध्य प्रदेश की ओर से बतौर आलराउंडर प्रदर्शन करेगी।

कटनी जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ इंदौर से सूचना प्राप्त हुई कि कटनी की प्रतिभावान बेटी महिला क्रिकेट खिलाड़ी मुस्कान विश्वास का चयन क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले के लिए अंडर-23 टीम में टी-20 मुकाबले के लिए हुआ है।

महिला आईपीएल में खुल सकता है रास्ता

मुस्कान विश्वास इन दिनों इंदौर में अ यास में जुटी है उनके बेहतर प्रदर्शन से महिला आईपीएल में रास्ता खुल सकता है। ये क्रिकेट मैच बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है जो ऑल इंडिया टूर्नामेंट के सभी स्टेट के लीग मैच होते हैं। मध्यप्रदेश ने क्वालीफाइ कर लिया है और वो 27 दिसंबर को क्वार्टर फाइन मैच इंदौर में खेलने जा रहा है। बीसीआइ द्वारा आयोजित किए जाने वाले टूर्नामेंट में मुस्कान अपने बल्ले के साथ बॉलिंग से जौहर दिखाएंगी। अभी तक के मैचों में बेहतर प्रदर्शन देखते हुए मुस्कान का चयन किया गया है। पिता पलाश विश्वास ने कहा की उनका सपना है की बेटी मुस्कान इंटरनेशनल टीम में सिले ट होकर देश का नाम रोशन करे और ट्रॉफी, मेडल लाकर देश का मान बढ़ाए। फिलहाल टी-20 टीम में चयन होने से विश्वास परिवार और उनका पूरा गांव खुद को गौरांवित महसूस कर रहा है।

धार हाईवे पर बड़ा हादसा, 6 गाड़ियां जलकर राख, इंदौर के व्यापारी सहित 3 की मौत

भोपाल। मध्य प्रदेश के धार जिले के अंतर्गत धामनोद थाना क्षेत्र में राऊ खलघाट फोरलेन पर एक ट्राला ने अचानक लैंड क्रॉस की और अपोजिट लेने में घुसकर एक के बाद एक 6 गाड़ियों में टक्कर मारी। ट्राला सहित सभी गाड़ियों में आग लग गई। इंदौर के बड़े व्यापारी जाकेश साहनी सहित 3 लोग इस आग में जिंदा जल गए। इनमें से एक बच्चा है। बाकी घायलों का अस्पताल में भर्ती किया गया है।

राऊ खलघाट फोरलेन पर ए सीडेंट कैसे हुआ

घाट उतर रहे एक ट्राले का ब्रेक फेल होने से वह बेकाबू हो गया और दूसरी लेन में पहुंच गया। ट्राले ने एक के बाद एक 6 वाहनों को टक्कर मार दी।

इसके कारण सभी वाहनों में आग लग गई। धामनोद थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि हादसे में दो ट्रक, दे कार, एक बाइक और एक मिनी ट्रक सहित छह वाहन जलकर खाक हो गए। धामनोद और महेश्वर से पहुंची फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में करीब ढाई से तीन घंटे लगे।

इंदौर के होटल कारोबारी ने ट्रैफिक नियम का पालन किया फिर भी हादसे का शिकार

जाकेश साहनी इंदौर के होटल व्यवसायी थे। वे कसरावद स्थित अपने रिसॉर्ट से लौट रहे थे। एक फोन कॉल आया तो अपनी कार को सड़क किनारे खड़ी करके फोन पर बात करने लगे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। जितेंद्र जाट हाईवे स्थित एक गांव का रहने वाला है। वह दूध का व्यवसाय करता था। रोज दूध लेने के लिए धामनोद जाता था। सोमवार को भी धामनोद जा रहा था। वह पूरी सतर्कता के साथ वाहक चल रहा था परंतु उसे संभालने का मौका तक नहीं मिला। अचानक उसकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्राला के ड्राइवर की भी मृत्यु हो गई। वह अंदर ही फंसा रह गया।

रीता साहनी की मृत्यु भी ए सीडेंट में हुई थी

होटल व्यवसायी जाकेश साहनी की पत्नी रीता साहनी (64) सिंगापुर में ` रूज से गिर गई थीं। घटना जुलाई की है। रीता और जाकेश सिंगापुर में %सेे ट्रम ऑफ द वेज%` रूज से पेनंग से सिंगापुर लौट रहे थे। रीता का जन्मदिन मनाने के बाद वे अपने रूम में जाकर सो गए। जाकेश जब सोकर उठे तो पत्नी रीता लापता थीं। रूज पर तलाश करने पर भी नहीं मिलीं। रूज स्टाफ को सूचना दी। इस दौरान पता चला कि` रूज से समुद्र में कुछ गिरा है, लेकिन ये कंफर्म नहीं हो पाया था कि रीता ही समुद्र में गिरी है।

पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय वाजपेयी विराट व्यक्तित्व के धनी थे -मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव

सत्ता पक्ष और विपक्ष ने हमेशा उनको स मान दिया
मु यमंत्री ने 200 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले अटल स्मारक का किया भूमिपूजन

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एक विराट व्यक्तित्व के धनी थे। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने उन्हें हमेशा पूरा स मान दिया। उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में अनेकों ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। सफल परमाणु परीक्षण भी उनके कार्यकाल की देन है।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को भारत रत्न एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर ग्वालियर में आयोजित ग्वालियर गौरव दिवस के कार्यक्रम को मु य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी, ग्रामीण अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़े पर आयोजित ग्वालियर गौरव दिवस के अवसर पर 200 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित होने वाले अटल स्मारक का भूमिपूजन और स्मारक के मॉडल का भी निरीक्षण किया। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का उज्जैन एवं बड़नगर से भी नाता रहा है। उन्होंने कहा कि हम अटल जी की जयंती पर ग्वालियर का गौरव दिवस कार्यक्रम के आयोजन पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और यह हमारा सौभाग्य है कि अटल जी ग्वालियर की पावन धरती से थे।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी के जन्मदिवस को प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी सभी को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज अटल जी की जयंती पर 200 करोड़ रूपए की लागत से अटल स्मारक का जो शिलान्यास किया गया है उससे विकास के नए ङ्कनए आयाम भी जुड़ेंगे। मु यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौरव दिवस मनाए जाने की परंपरा पूर्व मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा शुरू की गई थी। जिसके अंतर्गत ग्वालियर गौरव दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। मु यमंत्री ने प्रारंभ में अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

कलाकारों का हुआ स मान

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर गौरव दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विभूतियों का स मान भी किया। जिनमें सर गंगाराम हॉस्पिटल नई दिल्ली में सेवाएं दे रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुकुन्द खेतान, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच श्री शिवेन्द्र सिंह राठौर, शिक्षाविद एवं साहित्यका श्री जगदीश तोमर, ग्वालियर सांगीतिक घराने के प्र यात शास्त्रीय गायक श्री उमेश कंपू वाले और स्वर्ग सदन संस्था के श्री विकास गोस्वामी शामिल हैं।

कलाकारों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

ग्वालियर गौरव दिवस समारोह में देश की सुवि यात गायिका सुश्री मैथली ठाकुर एवं उनके सहयोगी कलाकारों द्वारा भजन एवं लोकगीतों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं।

रंगारंग आतिशबाजी का हुआ प्रदर्शन

ग्वालियर गौरव दिवस के अवसर पर रंगारंग आतिशबाजी का भी प्रदर्शन किया गया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकास के मार्ग पर बढ़ती रहेगी - मु यमंत्री

मु यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश के नए मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों को दी बधाई

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के नए मंत्रिमंडल गठन के बाद सभी मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मंत्रिमंडल में सभी जिलों, क्षेत्रों, अंचलों और पूरे मध्यप्रदेश का समावेश करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने नव नियुक्त मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में सभी मंत्री अच्छा परिणाम देंगे, जो मध्यप्रदेश के विकास के लिए बेहतर होगा।

मु यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। विकास के मामलों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

मु यमंत्री डॉ यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह , नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद श्री जे.पी. नड्डा, सांसद श्री वी डी शर्मा और पूर्व मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के समन्वय से प्रदेश के मंत्रिमंडल का गठन हुआ है।

मु यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आज 28 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई है। इस तरह मु यमंत्री सहित मध्यप्रदेश के मंत्रिमंडल में सदस्यों की कुल सं या 31 हो गई है। आने वाले समय में शेष स्थानों की भी पूर्ति की जाएगी।

सासंद डा बिसेन ने किया खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

सिवनी यशोः- सिवनी बालाघाट सांसद डा ढालसिह बिसेन के द्वारा आज छेत्र का दौरा करते हुऐ धान खरीदी केन्द्रो का निरिक्षण करते हुऐ किसानो की समस्याऐ सुनी गई तथा महिला स्व सहायता समूह के द्वारा की जा रही खरीदी मे केन्द्र मे आ रही समस्याओ को सुनते हुऐ तत्काल निराकरण के लिये स बंधित अधिकारियो से बात करते हुऐ मौके पर ही निराकरण किया गया तथा अधिकारियो को भी सचेत किया गया की महिला स्व सहायता समूहो के खरीदी से स बंधित समस्याओ चाहे वह परिवहन की हो अथवा अन्य कोई समस्या हो तो उसका तत्काल निराकरण किया जाये यहा यह बताना भी लाजिमी है की डा ढालसिह बिसेन पूर्व से बरघाट छेत्र की समस्याओ के प्रति जागरूक रहे है तथा समस्याओ के निराकरण मे अहम भूमिका अदा करते आये है यही कारण है की बरघाट छेत्र मे उनके आगमन अथवा पहूचने की सूचना के साथ ही किसान एकत्रित होकर उनसे मुलाकात करने मे पीछे नही रहते है

आज डा बिसेन के द्वारा बहूत कुछ समय खरीदी केन्द्र धारनाकला मे देते हुऐ किसानो से सीधे बात की तथा उनकी समस्याओ का निराकरण भी किया तथा महिला स्व सहायता की महिलाओ की समस्याओ को भी सुना डा बिसेन के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय राहगडाले पूर्व विधान सभा प्रत्याशी नरेश वरकडे एवं कार्य कर्ता उपस्थित थे

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" शिविर के दौरान योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित

सिवनी यशोः- केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2024 तक स पूर्ण प्रदेश में चलने वाली "विकसित भारत संकल्प यात्रा" प्रचार रथ के माध्यम से नगरीय एवं ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर आमजनों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी प्रदाय कर मौकास्थल पर योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है।

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" स पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित है। मंगलवार 26 दिस बर को बरघाट विकासखण्ड की ग्रामपंचायत अटारी एवं छपारा, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पहाड़ी एवं देवरीकलाँ, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत झालवानीमाल एवं जामुनपानी, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भिलाई एवं पिपरिया, केवलारी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत साकरी एवं पांडीवाड़ा, कुर्ई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सागर एवं ग्वारी तथा लखनादौन विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अमई एवं बीबी तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लखनवाड़ा, ब हनी, ब होड़ी एवं खेरी पहुंची।

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" के दौरान यात्रा में शामिल प्रचार वाहनों द्वारा एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को मौके में लाभांवित करने की कार्यवाही भी की गई।

यात्रा के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ- विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान स मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व ऊसत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएस-उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को सम्मिलित किया गया है।

आज यहां पहुंचेंगे प्रचार रथ

27 दिस बर 23 को विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पौनारकला, धारनाकला, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोरखपुर एवं कुसीपार, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ऊमरपानी एवं बरेली, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोहगांव एवं मानेगांव, केवलारी की ग्राम पंचायत रतनपुर एवं खैरी, कुर्ई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बेलपेठ एवं जोगीवाड़ा, लखनादौन की ग्राम पंचायत सुहागपुर एवं पुरवा तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जोरावारी, लूधरवाड़ा, एवं छतरपुर पहुंचेगी।

भव्यता से प्रारंभ हुई महा आरती प्रथा, उमड़े हजारों श्रद्धालु

छपारा यशोः- मां बैनगंगा गंगा नदी के श्री लक्ष्मी नारायण गोल्डन टेंपल घाट पर काशी और हरिद्वार की महा आरती की तरह अलौकिक नजारे ने उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उल्लेखनीय है कि मुक्तिदायिनी, जीवनसलिला मां बैनगंगा की भव्य महाआरती का कार्यक्रम छपारा में मणिकर्णिका घाट काशी की गंगा आरती पद्धति का अनुसरण करते हुये काशी से पूजन पद्धति में अध्ययन कर चुके कर्मकांडी ब्रा हण नवयुवकों एवं बाह्मण समाज छपारा के वरिष्ठजनों व विप्रजनों की अगुवाई में मोक्षदा एकादशी दिनांक 23 दिसंबर से प्रारंभ हो गया।ब्राह्मण समाज छपारा के साथ -साथ नगर छपारा एवं आसपास के सभी ग्रामीण बेल्टों के सभी वर्गों के सनातनी हिन्दू श्रद्धालु पूरे आयोजन के सहभागी रहे। इस महा आयोजन में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रत्येक एकादशी पर मां बैनगंगा गोल्डन टेंपल घाट छपारा में महा आरती शाम 5 बजे से प्रारंभ होकर 5:40 बजे के मध्य पूर्ण की जाने है। आज की उपस्थित और कार्यक्रम की भव्यता के अनुरूप सभी लोगों का सराहनीय सहयोग कार्यक्रम को प्राप्त हो रहा है।जिसमें नगर के अलावा आसपास के नागरिक बंधु, पुलिस प्रशासन, नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत छपारा का सराहनीय सहयोग रहा।

कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला कार्यकारिणी भंग की गई

सिवनी यशोः- 25 दिसंबर दिन सोमवार को दोपहर 2:00 बजे मंगल भवन में कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला सिवनी की बैठक स पन्न हुई, जिसमें नि न प्रस्ताव परित हुए। उक्तआय की जानकारी कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रवक्ता राधेश्याम सनोडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से प्रदान की गई।

श्री सनोडिया ने समाज द्वारा नि नानुसार प्रस्ताव पास करने की जानकारी दी गई।

- उपस्थित सदस्य श्री रमेश सनोडिया जी ने प्रस्ताव रखा की भागवत कथा की बची हुई राशि एवं सदस्यता अभियान में प्राप्त राशि को शीघ्र ही समाज के खाते में जमा किया जाए, जिससे समाज अपनी देनदारी से मुक्त हो सके साथ ही आय-व्यय का ब्योरा दिया जाए।

- उपस्थित सदस्य श्री भारत बाबूजी द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि समाज के संविधान में कार्यकारिणी का कार्यकाल केवल तीन वर्ष का है 3 वर्ष के पश्चात नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाना आवश्यक है, नियमानुसार उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से वर्तमान कार्यकारिणी, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ एवं जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष- सचिव सहित समस्त पदों को भंग किया जाता है। नवीन कार्यकारिणी का गठन तक बैंक खाते का लेनदेन पूर्वानुसार चलता रहेगा।

- उपस्थित सदस्य शिवराम पटेल जी द्वारा प्रस्ताव रखा गया नवीन अध्यक्ष का चयन हेतु प्रदेश प्रतिनिधि एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को जि मेदारी दी जाए जो नि न है- श्री प्रशांत पटेल, श्री घनश्याम सनोडिया, श्री मोहन चंदेल, श्री ज्ञानचंद सनोदिया, श्री आर के सनोडिया, श्री सचिन सिसोदिया, श्रीमती ज्योति सनोडिया एवं श्रीमती रु मणी सनोडिया को नवीन अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन हेतु एक माह समय निर्धारित किया जाता है।

समाज के प्रवक्ता द्वारा बताया गया कि समाज के महासचिव श्री जीतेंद्र सनोडिया द्वारा सभी प्रस्ताव को लिपिबद्ध कर उपस्थित सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया और इन सभी कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रमेश सनोडिया शिवराम पटेल घनश्याम पटे ल मोहन सनोडिया शिव सनोदियां गोपाल सनोदिया दादूराम सनाड्य पदम सनोडिया हरीकांत सनोडिया प्रशांत पटेल आईटी सेल राष्ट्रीय अध्यक्ष , अजय कुमार वकील उपरोक्त सभी प्रस्ताव सर्वस मति से पारित किऐ गए

साथ ही कुर्मी समाज की जिला कार्यकारिणी को आगामी चुनाव तक के लिए भंग की गई है।

पशु पालक से स शार्टेड सीमन का उपयोग कर पाये उन्नत नस्ल की बछिया

सिवनी यशोः- उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पशुओं की नस्ल में तेजी से सुधार एवं दुग्ध उत्पादन में शीघ्र वृध्दि हेतु गौवंशीय पशुओं में से स शार्टेड सीमन का उपयोग करने से मादा गोवंशीय पशु केवल उन्नत नस्ल की बछिया को जन्म देते हैं। से स शार्टेड सीमन का उपयोग करने से पशुओं में नस्ल सुधार तेजी से होता है साथ केवल बछिया के जन्म होने से भविष्य में दुग्ध उत्पादन में वृध्दि होती है। पशु पालन विभाग जिला सिवनी के सभी पशु चिकित्सा संस्थाओं में से स स शार्टेड सीमन उपलब्ध है।

अतः पशुपालकों से अपील है कि नजदीकी पशुचिकित्सा संस्था में से स स शार्टेड सीमन से अपने गौवंशीय पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान कार्य कराएं या घर पहुंच सेवा हेतु टोल फ्री नंबर 1962 में संपर्क करें।

प्रदेश में 3 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति

भोपाल। प्रदेश में इस वर्ष अब तक 3 लाख 30 हजार विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई गई है। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में लगभग 459 करोड़ रूपये की राशि का वितरण किया गया है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति के अंतर्गत 32 लाख 16 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 263 करोड़ की राशि का वितरण किया गया है।

पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति पिछड़ा वर्ग के कक्षा 11, 12 और स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गयी है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गयी है।

विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति

प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च अध्ययन करने के लिये पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जा रही है। इस वर्ष इस योजना का लाभ चयनित 44 विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया गया है। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में करीब 7 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की अभिनव योजना का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। इस वर्ष कन्सट्रे शन से टर में 45 और केयर वर्कर से टर में 15 चयनित युवाओं को विभाग द्वारा प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। इनमें से 5 युवाओं का रोजगार हेतु चयन जापान स्थित निजी संस्थानों में भी हो चुका है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सिवनी से डॉ.दीपक अग्निहोत्री अध्यक्ष एवं डॉ.महेन्द्र ओगारे निर्विरोध सचिव निर्वाचित

सिवनी यशोः- 23 दिसंबर को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सिवनी की साधारण सभा की बैठक हुई। जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सिवनी के वर्ष 2023-24 के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें डॉ.दीपक अग्निहोत्री अध्यक्ष एवं डॉ.महेन्द्र ओगारे को निर्विरोध सचिव चुना गया। वही संरक्षक के पद पर डॉ.डी.एस.सेंगर, डॉ.एस.व्ही.चौधरी, डॉ.व्ही.के.सरीन एवं उपाध्यक्ष के पद पर डॉ. आर.के .श्रीवास्तव, डॉ.के.सी.मेश्राम, डॉ.ए.के.दिवाकर, डॉ.विनोद नावकर,कोषाध्यक्ष पद पर डॉ.लोकेश विसेन,मीडिया प्रभारी डॉ.जयज कोकोडिया,कार्यक्रम आयोजक डॉ.लोकेश चौहान, सहसचिव डॉ.मुकेश अहिरवार, डॉ.कमलेश झारिया, डॉ.संदीप सनोडिया,डॉ.जागृति बिसेन,डॉ.प्रिया सिंह,डॉ.समरीन अंसारी,कार्यकारिणी सदस्य डॉ.ए.के.तिवारी,डॉ.सुनील अग्रवाल, डॉ.पी.सुर्या, डॉ.टी.आर. वान्द्रे, डॉ.अभिषेक रायकवार, डॉ.एस.के सिरोठिया, डॉ.टी.एस. इनवाती, डॉ.प्रसुन श्रीवास्तव बनाये गये। इस अवसर पर सिवनी के अन्य चिकित्सकगण भारी सं या में उपस्थित रहे।

भाजपा ने भारत रत्न अटल बिहारी जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

केवलारी यशोः- सोमवार को केवलारी में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय स्व.अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती के अवसर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। पूरी जानकारी देते हुए केवलारी विधानसभा के मीडिया प्रभारी स्वप्निल उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में* उपस्थित *मु य अतिथि पूर्व विधायक सिवनी नरेश दिवाकर, पूर्व विधायक केवलारी राकेश पाल सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी सिंह बघेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष शिव चौधरी केवलारी विधानसभा के प्रभारी नवल श्रीवास्तव, जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष देवी सिंह बघेल, द्वारा अटल जी के छायाचित्र में तिलक लगाकर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री सचिन अवधिया जी द्वारा अतिथियों के स्वागत के पश्चात *महाविद्यालय केवलारी से प्रोफेसर डॉ टर राजेश ठाकुर अटल जी के व्यक्तित्व पर कविता के माध्यम से प्रस्तुति दी गई , तदोपरांत विधानसभा स्तर में इस कार्यक्रम के प्रभारी रहे नवल श्रीवास्तव के द्वारा श्रद्धेय अटल जी को याद करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि भारत रत्न से पुरस्कृत पूर्व प्रधानमंत्री श्रधेय अटल बिहारी वाजपेई जी ने बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे अटल बिहारी वाजपेई जी भारत माता के सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश के उत्थान एवं कल्याण हेतु लगा दिया , अटल जी के संकल्प में किसानों की प्राथमिकता रही है उसी को पूरा करते हुए केवलारी विधानसभा के लिए राकेश पाल सिंह ने 225 करोड़ की नहर को स्वीकृत कराकर किसानों को लाभ दिलाने का काम किया*

कार्यक्रम के *मु य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक केवलारी राकेश पाल सिंह ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को याद करते हुए कहा कि अटल जी ने सिद्धांत और विचारधारा के स्तंभों पर आधारित राजनीतिक युग की शुरुआत की और समावेशी गरीब कल्याण और सुशासन की आधारशिला रखी। राष्ट्र के लिए समर्पित उनका जीवन सदैव हमारे कर्तव्य का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा।* आज के कार्यक्रम में मु य अतिथि एवं अतिथियों तथा भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयो की उपस्थिति में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवी सिंह बघेल के द्वारा आभार व्यक्त कर संपन्न हुआ।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम संपन्न

छपारा यशोः- 25 दिसंबर को 5:00 बजे भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव जी के निवास स्थान पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर तिलक वंदना कर दीप प्रचलित कर पुष्प अर्पित किया गया इस कार्यक्रम में अल्पसं यक मोर्चा की जिला अध्यक्ष शाहिद खान मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव राजेश श्रीमाली सोहन कश्यप नागेन्द्र सिंह ठाकुर राघवेंद्र पंडित नीरज दुबे नारायण पाटक राकेश भारद्वाज रफीक खान जीतू ठाकुर दिनेश डॉके लक्ष्मीकांत जितेंद्र संतोष खरे शंकर लाल चंद्रवंशी अंकित सिंह ललित सोनी नूर खान मुकेश रजक सुनील गोयल मुकेश मनमौजी पारस जैन मिश्री सेन पंचम वंशकार जयसवाल मैडम आदि भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर महाराष्ट्र में विशाल रैली का आयोजन

सिवनी यशोः- 25 दिस बर 2023 को कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में इंडियन नेशनल कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस नागपुर महाराष्ट्र में मनाये जाने के संबंध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा लिया गया है, इस संबंध में जिला कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से चर्चा करने के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं मध्यप्रदेश के सह प्रभारी संजय कपूर कांग्रेस स्थापना दिवस पर आयोजित रैली को सफल बनाने के लिए सिवनी जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में उपस्थित होकर जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में चर्चा की।

इस बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने की जिसमें म.प्र. कांग्रेस के महामंत्री एवं जिला कांग्रेस प्रभारी चैधरी गंभीर सिंह उपस्थित रहें।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश सहप्रभारी संजय कपूर ने बैठक को स बोधित करते हुये बताया कि 28 दिस बर 1885 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई थी, उन्होने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास संघर्ष, त्याग और बलिदान का इतिहास रहा है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. बाबा साहेब भीमराव अ बेडकर, सरदार वल्लभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद आदि के नेतृत्व में हुए स्वतंत्रता संग्राम ने हमारे देश को आजादी दिलाई। कांग्रेस के लाखों लोगो ने संघर्ष, समपर्ण, यातनाएँ, सहकर राष्ट्र को स्वतंत्र कराने में अपना योगदान दिया था।

श्री कपूर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 139 वां स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर महाराष्ट्र में है तैयार हम राष्ट्रीय स्तर की विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है, रैली में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता गण शामिल होंगे। श्री कपूर ने जिला कांग्रेस सिवनी से रैली में अधिक से अधिक कांग्रेस जनों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

बैठक को स बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने है तैयार हम के कार्यक्रम को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए जिला, ब्लाक पदाधिकारी, विधायक, स्थानीय निकायो के जनप्रतिनिधि, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ ही चारो विधानसभा से अधिक से अधिक सं या में कांग्रेस जनों से नागपुर पहुंचने की अपील की, उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारीयों ने सहमति व्यक्त की।

बैठक को म.प्र.कांग्रेस के महामंत्री एवं सिवनी जिला कांग्रेस के प्रभारी चैधरी गंभीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में भले ही कांग्रेस सत्ता में ना हो हम संघर्ष करने में कभी पीछे नहीं रहें है भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपना 139 वां स्थापना दिवस नागपुर से मनाने जा रही है हम सभी कांग्रेस जन अधिक से अधिक सं या में इस कार्यक्रम में पंहुचकर इसे सफल बनाये। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं सिवनी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रहें आनंद पंजवानी ने बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों से अधिक से अधिक सं या में नागपुर पंहुचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में जिला संगठनमंत्री एड. पंकज शर्मा, दिनेश ठाकुर धोरिया, अतुलचंद मालू, दिलीप दुबे केवलारी, गुलाब साहू, राजा मुबीन ने अपने विचार रखे।

बैठक में सर्वश्री जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी, जिला प्रभारी ब्रजेशसिंह लड्डू बक्षेल, संजय भारद्वाज, जेपीएस तिवारी, श्रवण अग्रवाल, पूर्व विधायक रमेश चंद जैन, इमरान पटेल, विजय नाहटा, डॉ. सुबोध नेताम, रमेश प्रसाद साहू, टेकचंद बोपचे, शिवराम सनोडिया, यतेन्द्र हीरा चैकसे, राजिक अकील, राजेन्द्र जैन, घनश्याम सनोडिया, महेश सनोडिया, तेजसिंह रघुवंशी, विकास बघेल, संजय यादव, योगेन्द्र सिंह चैहान, सूर्यनारायण सिंह बघेल, अशोक चैबे, भीष्मप्रताप सिंह अप्पू ठाकुर, मंशाराम चन्द्रवंशी, देवीसिंह चन्द्रवंशी, एम नईम खान, कोमल प्रसाद कश्यप, शशिभूषण सिंह बक्षेल, एड. सुश्री शीरीअफरोज खान, हीरालाल नागेश्वर, डालेन्द्र राहगंडाले, सुनील लांजेवार, जितेन्द्र सनोडिया, वशीर खान, कमरूद्दीन कुरैशी, सिंहाब मोह मद खान, वाहिद खान, गेंदलाल भलावी, राजकुमार चंकी तिवारी, जिब्राईल अंसारी, कैलाश अवधिया, अजय ब्र हवंशी, विनोद यादव, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, अशफाक खान, विनोद कुमार जैन, नदीम खान, महेश मरपे, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रामकुमार राय, टिकेन्द्र देशमुख, घनश्याम डेहरिया, रहीम शाह, साजिद खान, धर्मेन्द्र सिंह बघेल, सरदार सिंह बघेल, अंकित राय, उदय सिंह बघेल, नितिन शु ला, धीरन सिंह कुमरे, शैलेन्द्र हरिन्द्रवार, रामनाथ काकोडिया, सुरेश चन्द्रवंशी, जगमोहन सिंह श्रीवास्तव, विष्णु शर्मा, हर्ष वर्धन लकी बघेल, रामचंद्र गुर्जर, महेन्द्र ठक्के, रविन्द्र सिंह राजपूत, शिवदीप डेहरिया सहित बडी सं या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

शतप्रतिशत बैगा परिवारों तक पहुंचाएं शासन की योजनाएं - श्रेयांश कूमट

समय-सीमा की बैठक में प्रभारी कले टर के निर्देश

मंडला यशो:- समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कले टर श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं से पात्रतानुसार लाभान्वित करें। आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना की चर्चा करते हुए उन्होंसने कहा कि शतप्रतिशत बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

श्री कूमट ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लस्टर स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी नोडल अधिकारी आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण करें तथा पटवारी, सचिव, जीआरएस, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि मैदानी अमले के सहयोग से सर्वे की कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करें तथा शासन की योजनाओं से वंचित हितग्राहियों की सूची तैयार कर उन्हें लाभ दिलाने की कार्यवाही करें। प्रदाय किए जाने वाले व्यक्तिगत लाभों की चर्चा करते हुए प्रभारी कले टर ने कहा कि सर्वे के दौरान बैगा परिवारों को स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास की जानकारी संकलित करें तथा जिन परिवारों को आवास स्वीकृत नहीं हुआ है उनके पंजीयन तथा जियो टैगिंग की कार्यवाही करें। शतप्रतिशत बस्तियों में पेयजल सुनिश्चित करें, आवश्यकतानुसार डीपीआर तैयार करें। इसी प्रकार प्रत्येक परिवार को बिजली उपलब्ध कराएं। इसी प्रकार समुदायिक लाभों के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, हॉस्टल आंगनवाड़ी आदि केन्द्रों के लिए भी निर्देशानुसार कार्यवाही करें। श्री कूमट प्रत्येक व्यक्ति के आधार कार्ड, जनधन खाता तथा जाति प्रमाण पत्र की उपलब्धता के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

उपार्जन में परिवहन की गति बढ़ाएं

उपार्जन की समीक्षा करते हुए प्रभारी कले टर श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि उपार्जन में गुणवत्ता का ध्यान रखें। संबंधित अधिकारी सचन मॉनिटरिंग करें। उन्होंने उपार्जित धान के परिवहन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रभारी कले टर ने निर्देशित किया कि मध्यान्ह भोजन के खाद्यान्न तथा पोषण आहार का अगले 2 दिवस में शतप्रतिशत उठाव पूर्ण कराएं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों के दौरान लगने वाले स्टॉल तथा स्वास्थ्य शिविरों को परिणामदायक बनाएं। श्री कूमट ने सीएम हेल्पलाईन, टीएल प्रकरण तथा अंतर्विभागीय विषयों पर भी आवश्यक निर्देश दिए।

योजनाओं के माध्यम से विकास की मु य धारा से जुड़ें - कुलस्ते

केन्द्रीय मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में की सहभागिता

मंडला यशो:- विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 दिसंबर को नारायणगंज में गूजरसानी एवं भावल, बिछिया विकासखंड के ग्राम खमरोटी एवं केवलारी, बीजाडांडी में मैली एवं बरवाही, मवई में भाड़ा एवं टिकरिया, नैनपुर में निवारी एवं समनापुर तथा मंडला में घाघा एवं अहमदपुर पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। गूजरसानी एवं भावल में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने सहभागिता की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा सभी वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पात्रतानुसार शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे योजनाओं को समझें और लाभ लेते हुए विकास की मु य धारा से जुड़ें। श्री कुलस्ते ने कहा कि भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को विकास की मु य धारा से जोड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत नारायणगंज अध्यक्ष आशाराम भारती या, उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीओ जिला पंचायत क्षमा सरफ, एसडीएम निवास शाहिद खान तथा संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

27 दिसंबर को इन पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा 27 दिसंबर को बिछिया विकासखंड के ग्राम नेवसा भपसा एवं दानीटोला, बीजाडांडी में बरोंची एवं पिंडई माल, मवई में चंदवारा रैयत एवं अंजनी, मोहगांव में मलवाथर एवं कु हरी, नैनपुर में अलीपुर एवं धतुरा, नारायणगंज में कोंडरा माल एवं चिरईडोंगरी, मंडला में गोंझीमाल एवं साल्हेडंडा पंचायत पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगा।

जनसुनवाई में पहुंचे 48 आवेदक

मंडला यशो:- प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में 48 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्रभारी कले टर श्रेयांश कूमट ने योजना भवन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा एवं हुनेन्द्र घोरमारे तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

स पन्न हुई जनसुनवाई में पेंटगांव निवासी जानकी भांवरे ने ग्राम का निस्तारी पानी खेत में भरने, पोंड़ी निवासी माधुरी भांवरे ने आवास हेतु भूमि स्वीकृत करने, कंड्रा घुघरी निवासी चंदरसिंह ने लापता पुत्र की तलाश करवाने, सिंघनपुरी बीजाडांडी निवासी गीताबाई ने राशनकार्ड बनवाने तथा बिछिया निवासी मिथलेश ठाकुर ने पात्रतापत्री प्रदाय करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

एपीएल 4 के चौथे दिन 1 मैच खेला गया

सिवनी यशो:- एपीएल टूर्नामेंट के मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शर्मा द्वारा बताया गया की पी.जी कॉलेज ग्राउंड भैरोगंज में आयोजित एडवोकेट प्रीमियर लीग ए.पी.एल सीजन4 के चौथे दिन एडवोकेट ग्रे11ओर एडवोकेट ब्लू 11 के मध्य खेला गया ब्लु11 के कप्तान के द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू11 ने निर्धारित 12 ओवरो में 4 विकेट खोकर 115 रन बनाये।ब्लू11 की ओर से अशरफ खान ने 40रन,नीरज तिवारी 15,निलेश से सेना ने 14 रन बनाये।टीम ग्रे11 की ओर से मुकेश अवधिया ने 2,रिशाद खान एवं शैलेश से सेना ने 1-1 विकेट लिया।116 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रे11 ने 3 विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया ओर जीत दर्ज की।ग्रे11 की ओर से नीरज ठाकुर ने शानदार 56 रनो की अर्दशतकीय पारी खेली,नीतेश हेडाड ने 24 एवं प्रवीण चौहान ने 15 रन बनाये।ब्लू11 की ओर से सतीश यादव ने 2 एवं नीरज तिवारी ने 1 विकेट लिया।ओर इस तरह ग्रे11 ने 7 विकट से इस मैच को अपने नाम कर लिया एवं अंक तालिका में 2 अंक अर्जित किये।

मैच के मैन ऑफ द मैच ग्रे11 के नीरज ठाकुर रहे।

मैच के दौरान एपीएल आयोजन समिति के सदस्य श्री मनोज प्रजापति,श्री महेंद्र चंदेल,श्री इसरार खान जी,श्री राज गोस्वामी जी श्री रुद्रदेव रहांगडाले जी,श्री धनीराम बागमारे जी,श्री वीरेंद्र शर्मा जी,श्री अनिरुद्ध जयसवाल को,श्री अवि यादव जी एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रवि गोल्हानी जी,सचिव श्री रितेश आहूजा जी, एवं बड़ी सं या में अधिवक्तागण एवम् दर्शकगण उपस्थित रहे एवं शानदार मैच का आनंद लिया।

आज दिनांक 27/12/2023 बुधवार को एडवोकेट ग्री-11 एवं एडवोकेट ग्रे11 के मध्य मैच सुबह 8 बजे से खेला जायगा।

जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल का जिले में तीन दिवसीय भ्रमण

ज्वाईट सेक्रेटरी चावला ने जिले में जल संवर्धन को लेकर किए गए कार्यो की समीक्षा की

सिवनी यशो:-जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल 26, 27 एवं 28 दिस बर 23 को जिले के भ्रमण में रहेगा। इस दौरान दल द्वारा जल शक्ति अभियान अंतर्गत जिले में हुए जल संवर्धन को लेकर किए गए एवं प्रगतिरत विभिन्न कार्यो का अवलोकन किया जाएगा।

इसी परिपेक्ष्य में मंगलवार 26 दिस बर को ज्वाईट सेकेटरी, संस्कृति मंत्रालय भारत शासन नई दिल्ली श्री गुरूमीत सिंह चावला की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी कले टर एवं मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय, वनमण्डाधिकारी वशु कानोजिया सहित, पीएचई, जल संसाधन, यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन एवं सभी जनपद पंचायत अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में ज्वाईट सेक्रेटरी श्री चावला को संबंधित विभागों द्वारा जिले में जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल संवर्धन को लेकर किए गए कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। ज्वाईट सेक्रेटरी श्री चावला ने जल संवर्धन को लेकर जिले में हुए कार्यों की सराहना की। उन्होंने संबंधित विभागाधिकारियों को जल शक्ति के उद्देश्य अवगत कराते हुए आगामी समय को दृष्टिगत रखते हुए जल संचयन कर जल का सदुउपयोग करने एवं भूमिगत जल को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने जिले के सभी अमृत सरोवरों के आस-पास वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात ज्वाईट सेक्रेटरी श्री चावला ने ग्राम पंचायत कोहका मानेगांव स्थित बबरिया तालाब, ग्राम पंचायत मैली केकड़वानी में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों एवं पानी की टंकी, वृक्षारोपण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से जल संवर्धन एवं जलापूर्ति को लेकर चर्चा की।

वर्चुअल प्रतियोगिता में करें सहभागिता

मंडला यशो:- राष्ट्रीय युवा उत्सव 2023 का आयोजन पुणे महाराष्ट्र में 12 से 16 जनवरी 2024 के मध्यम आयोजित किया जाना है। इस आयोजन में भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिला एवं संभाग स्तर पर 8 विधायें, जिसमें लोकगीत, लोकनृत्य, एक लोकनृत्य, एक लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मैकिंग, भाषण एव फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिला एवं संभाग स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन वर्चुअल विधा जायेगा। वर्चुअल प्रतियोगिता में प्रतिभागी की आयु 26 दिस बर को 15 वर्ष से कम एवं 29 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये। प्रतिभागी अपने प्रदर्शन भारत सरकार द्वारा जारी दिशा- निर्देशानुसार निर्धारित समय-सीमा में वीडियो बनाकर निर्धारित आवेदन फार्म सहित 26 दिस बर की शाम 5 बजे तक जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मंडला के कार्यालय में जमा करना होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 28 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम मंडला में वर्चुअली होगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रवीन्द्र ठाकुर ने महाविद्यालय/विद्यालयों एवं समस्त ग्रामीण युवा समन्वयक से कहा है कि वे अपने विकासखंड के प्रतिभागियों को उक्त वर्चुअल प्रतियोगिता में स मलित होने के लिए सूचित करें। अधिक जानकारी के जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर स पर्क कर सकते हैं

जिला स्तरीय रसायन विज्ञान शिक्षकों का प्रशिक्षण

सिवनी यशो:- लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रसायन शास्त्र विषय का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक शासकीय महात्मा गांधी हाई स्कूल में श्री एस एस कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में श्री आर.आर. मेहता सहायक संचालक एवं ए डी पी सी श्री विपनेश जैन के मार्गदर्शन में स पन्न हुआ जिसमें जिले के समस्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रसायन शास्त्र के अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती कल्पना भार्गव एवं श्रीमती राखी बरमैया द्वारा विषयगत आ रही कठिनाइयां एवं कठिन अवधारणाओं को सरल बनाते हुए बेहतर व रोचक ढंग से समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया छात्रों को परीक्षा में कराए जाने वाले प्रयोग जैसे अनुमापन लवण विश्लेषण के बारे में भी बताया गया साथ ही एन सी ई आर टी द्वारा डिजाइन की गई माइक्रो स्केल केमिस्ट्री लेबोरेटरी किट की भी जानकारी दी गई प्रशिक्षण में आठ विकासखंडों कुरई बरघाट केवलारी लखनादौन छपरा घंसौर धनौरा सिवनी के 94 शिक्षकों ने भाग लिया प्रशिक्षक के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती आभा सिंह प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय बरघाट को बुला गया जिन्होंने रसायन शास्त्र के पहलुओं पर चर्चा की समापन के अवसर पर श्री आर.आर.मेहता सहायक संचालक सिवनी द्वारा अपने उद्बोधन में सभी से कहा गया कि आपको यहां हमारे मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा जो प्रशिक्षण दिया गया है उसका आप बच्चों को अवश्य ही अध्ययन करावें।

मंडला की शुचि ने की बेहतरीन गेंदबाजी

मंडला यशो:- मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन इंदौर द्वारा बाली का वर्ग 23 में मध्यप्रदेश की टीम ऑल इंडिया टूर्नामेंट्स में भाग लेते हुए क्रिकेट टीम ने नागपुर में खेले गए पांच लीग मैच में चार जीतकर क्वाटर फाइनल में अपनी जगह बनाई है। मेघालय, गोवा, सौराष्ट्र, बंगाल, पंजाब के साथ हुए रोमांचक मुकाबले में एम पी टीम ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। भोपाल की सौ या तिवारी के नेतृत्व में एम पी टीम में जबलपुर संभाग के जिले की उभरती खिलाड़ी शुचि उपाध्याय की फिरकी गेंदबाजी ने चार मैच में 9 विकेट हासिल किए हैं। इसके अतिरिक्त बंगाल के विरुद्ध खेला गया रोमांचक मैच टाई हुआ जिसमें मध्यप्रदेश ने सुपर ओवर डालने के लिए शुचि उपाध्याय को बाल थमाई जिसमें ओवर की पहिली दो गेंद में दो विकेट हासिल किया। परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश को महज एक रन विनिंग अनुष्का शर्मा के बल्ले से आया और मध्यप्रदेश विजई हुई। शुचि उपाध्याय के इस प्रदर्शन पर जेडीसीए के अध्यक्ष निशीथ पटेल, सचिव धर्मेश पटेल, योगेंद्र तिवारी, महेंद्र तिवारी, त्रिलोक नायडू, द्वारका मिश्रा, राजेंद्र सिंह ठाकुर, अनिल शर्मा, विक्रम मजिनसरी, विद्यापति श्रीवास्तव, पवन सिंघिया आदि खेलप्रेमी एवं डीसी मंडला के अजय मिश्र, विजय बर्मन, इ तियाज अली, ज्ञानेंद्र झा, शिवांसु तिवारी, बसंत ठाकुर, निशांत झा, भीष्म द्विवेदी, समसुद्दीन, उत्कर्ष पटेल सहित खेल प्रेमियों शुभकामनाएं दी हैं। एमपी टीम का अगला मुकाबला इंदौर में खेला जाएगा उसके आधार पर मध्य प्रदेश की टीम का फैसला होगा कि वह सेमीफाइनल फाइनल खेलती है कि नहीं।

बैठक में की गई मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन के प्रस्तावों पर चर्चा

मंडला यशो:- जिला योजना भवन में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन के प्राप्त प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर सहमति प्राप्त की गई। बैठक में संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा, हुनेन्द्र घोरमारे, निर्वाचन अधीक्षक अरूण कुशवाहा, लिपिक सीके तिवारी तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की भाजपा कार्यालय में जयंती मनाई गई

मण्डला यशो:- राजनीति को अपने कृतित्व व व्यक्तित्व से क्षितिज तक पहुंचाने की अहम भूमिका निभाने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी की 99वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्ज्वलन कर उनका पुण्य स्मरण किया गया तथा देश और समाज के प्रति उनके महान योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी,पारस असरानी, प्रफुल्ल मिश्रा, राजेश जैन, संदीप सिंह, अजीत जैन, रोचीराम गुरवानी, अखिल सिहारे, सुरेन्द्र दुबे,प्रवीर तिवारी, नीलेश बाजपेयी, सूर्यकांत जघेला, सुदीप बजपुरिया, अमित आनंद खरया, अंशुमाली शु ला, रसीद कुरैशी, अंकित ज्योतिषी, नीरज कांड्रा,देव रजानी, शानू दुबे, सुधीर दुबे, विजय नीखर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्रीमति संपतिया उइके के केबिनेट मंत्री बनने पर भाजपा कार्यालय सहित विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

श्रीमति उइके के आवास पर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया गया

मण्डला यशो:- प्रदेश में मु यमंत्री डॉ मोहन यादव की भाजपा सरकार की केबिनेट में मण्डला विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमति संपतिया उइके को केबिनेट मंत्री बनाये जाने पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया एवं मिठाई वितरित की गयी साथ ही श्रीमति संपतिया उइके के सिविल लाईन स्थित आवास में नगर भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाते हुए आतिशबाजी की एवं स्थानीयजनों को मिष्ठान वितरण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने श्रीमति संपतिया उइके को केबिनेट मंत्री बनाये जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व सहित प्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव भाजपा प्रदेश संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मण्डला जिले को भाजपा सरकार ने पहली बार नवगठित मंत्रीमण्डल में केबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया है। सरकार और संगठन के इस निर्णय से क्षेत्र की जनता की सेवा और विकास के नये कीर्तिमान जनजातिय क्षेत्र में स्थापित होंगे तथा भारतीय जनता पार्टी के विस्तार में गति आयेगी। मण्डला विधानसभा क्षेत्र के समस्त मण्डलो में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी तथा जगह-जगह आतिशबाजी कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मिठाईयां बांटी।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक दैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297